# उत्तर प्रदेश प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उ0प्र0 कैम्पा) कार्यपालक समिति की दिनांक 21.12.2020 को आयोजित चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त

उत्तर प्रदेश कैम्पा कार्यपालक समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 21.12.2020 को अपरान्हन 4.00 बजे प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश (वन बल के प्रमुख)/अध्यक्ष, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में भाग लेने वाले कार्यपालक समिति के सदस्यों की सूची संलग्न है **(संलग्नक–1)**।

सर्वप्रथम, सदस्य सचिव, कार्यपालक समिति, उ0प्र0 कैम्पा द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यपालक समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक का शुभारम्भ किया गया।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियमित एजेंडा बिन्दुओं पर विचार–विमर्श के उपरान्त समिति द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिए गएः–

**एजेण्डा बिन्दु–1 :–** **उत्तर प्रदेश कैम्पा कार्यपालक समिति की तृतीय बैठक दिनॉक 26.05.2020 को आहुत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि किया जाना।**

समिति द्वारा उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति तृतीय बैठक दिनॉक 26.05.2020 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**एजेण्डा बिन्दु–2 :–** **उत्तर प्रदेश कैम्पा कार्यपालक समिति की तृतीय बैठक दिनॉक 26.05.2020 को आहुत बैठक के कार्यवृत्त के अनुपालन की स्थिति।**

उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति की तृतीय बैठक में दिये गये निर्देशों (कार्यवृत्त) के अनुपालन की स्थिति से समिति अवगत हुयी।

**एजेण्डा बिन्दु–3 :–** **उत्तर प्रदेश कैम्पा की वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रचालन योजना के सापेक्ष प्रगति सूचना से समिति को अवगत कराया जाना।**

वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रचालन योजना की प्रगति से समिति अवगत हुयी।

**एजेण्डा बिन्दु–4 :–** **उत्तर प्रदेश कैम्पा की वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रचालन योजना के सापेक्ष आय–व्ययक में प्राविधानित धनराशि के अन्तर्गत बचत की धनराशि को अनुमोदित कार्यमद–वर्ष 2021 वर्षाकाल गैर क्षतिपूरक वृक्षारोपण के अग्रिम मृदा कार्य हेतु उपयोग किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाना।**

वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रचालन योजना हेतु राष्ट्रीय कैम्पा द्वारा अनुमोदित आउटले के सापेक्ष बचत की धनराशि के सम्बन्ध में निम्न विवरण के अनुसार समिति अवगत हुयी :–

| क्र0सं0 | मद का नाम | राष्ट्रीय कैम्पा द्वारा अनुमोदित आउट–ले | बचत की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | Compensatory Afforestation (CA) | 3900.27 | 950.61 |
| 2 | Catchment Area Treatment Plan | 208.31 | 208.31 |
| 3 | Net Present Value (NPV) | 20747.42 | 625.14 |
| 4 | Outlay for the use of Accrued Interest | 2344.00 | 2011.00 |
| | योग– | **27200.00** | **3795.06** |

उक्त बचत की धनराशि को वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रचालन योजना के अन्तर्गत अनुमोदित मद–वर्ष 2021 वर्षाकाल गैर क्षतिपूरक वृक्षारोपण के अग्रिम मृदा कार्य हेतु उपयोग किये जाने हेतु समस्त प्रभागों से सम्बन्धित जोनल/मण्डलीय मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से आरक्षित एवं संरक्षित वन क्षेत्रों में

वृक्षारोपण के अग्रिम मृदा कार्य कराये जाने हेतु प्रस्ताव मांगे गये थे। इस सम्बन्ध में वर्ष 2021 वर्षाकाल वृक्षारोपण हेतु प्रभागवार निर्धारित लक्ष्य एवं विभिन्न योजनाओं से प्रभागवार आवंटित लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2021 वर्षाकाल गैर क्षतिपूरक वृक्षारोपण के अग्रिम मृदा कार्य हेतु लक्ष्य आवंटन का प्रस्ताव **(संलग्नक–2)** समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रचालन योजना के अन्तर्गत बचत की धनराशि से संलग्नक–2 में दिये गये विवरण के अनुसार वर्ष 2021 वर्षाकाल गैर क्षतिपूरक वृक्षारोपण के अग्रिम मृदा कार्य हेतु प्रस्तावित लक्ष्य आवंटन का अनुमोदन प्रदान किया गया।

समिति द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि उक्त निर्णय से राष्ट्रीय कैम्पा, भारत सरकार को अवगत करा दिया जाये तथा उ0प्र0 कैम्पा अभिचालन समिति की आगामी बैठक में समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

**एजेण्डा बिन्दु–5 :– उत्तर प्रदेश कैम्पा हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्मिकों की आपूर्ति हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाता संस्था के चयन के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया जाना।**

उ0प्र0 कैम्पा कार्यालय हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्मिकों की आपूर्ति हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाता संस्था के चयन के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाहियों से समिति अवगत हुयी।

**एजेण्डा बिन्दु–6 :– वन भूमि हस्तांतरण प्रकरणों के सापेक्ष कारपोरेशन बैंक, कैसरबाग शाखा लखनऊ द्वारा खोये बैंक ड्राफ्टों के सापेक्ष डुप्लीकेट बैंक ड्राफ्ट प्राप्त किये जाने तथा प्राप्त किये गये डुप्लीकेट बैंक ड्राफ्ट में हुये विलम्ब पर ब्याज की धनरशि की वसूली के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही की प्रगति से समिति को अवगत कराया जाना।**

विषयगत प्रकरण में ब्याज की धनराशि प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाहियों से समिति अवगत हुयी।

**एजेण्डा बिन्दु–7 :– उत्तर प्रदेश कैम्पा के अन्तर्गत कराये गये कार्यों के पॉलीगान एवं अन्य सम्बन्धित सूचनाओं को ई–ग्रीन वाच पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु Robust System बनाये जाने हेतु मुख्यालय/मण्डल/वृत्त स्तर पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्मिकों को सेवायोजित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाना।**

उ0प्र0 कैम्पा द्वारा कराये गये कार्यों के पॉलीगान एवं अन्य सूचनाओं को समयबद्धता एवं त्रुटिरहित के साथ e-Green Watch portal पर अपलोड कराये जाने हेतु robust system बनाये जाने हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से 22 कम्प्यूटर आपरेटर (जेम पोर्टल पर उपलब्ध समकक्षीय पद–क्लर्क कम कम्प्यूटर आपरेटर) की सेवायें लिये जाने के प्रस्ताव का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अन्य एजेण्डा बिन्दुः–**

1. **विभिन्न कार्यालयों द्वारा की गयी मांग के परिपेक्ष्य में उत्तर प्रदेश कैम्पा द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्मिकों को रखे जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन प्रदान किया जाना।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त आउटसोर्सिंग के माध्यम से 02 क्लर्क कम कम्प्यूटर आपरेटर एवं 02 कार्यालय सहायक कार्मिकों को रखे जाने सम्बन्धी प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त के अतिरिक्त मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी (FCA), उ0प्र0, लखनऊ द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उनके कार्यालय में नियमित कार्मिकों के सेवानिवृत्त हो जाने की स्थिति में 02 क्लर्क कम कम्प्यूटर आपरेटर की अति आवश्यकता है।

समिति द्वारा मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी (FCA), उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय में 02 क्लर्क कम कम्प्यूटर आपरेटर रखे जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2. कार्यपालक समिति की बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर विचार–विमर्श के दौरान समिति द्वारा निम्न निर्देश निर्गत किये गये :–**

1. उ0प्र0 कैम्पा द्वारा वन क्षेत्रों में बनाये जा रहे वाच टावर का रंग–रोगन प्राकृतिक रंगों के अनुरूप ही किया जाये।
2. भूमि एवं जल संरक्षण सम्बन्धी कार्यों में पक्की बन्धी निर्माण में सरिया के स्थान पर बांस के उपयोग को प्राथमिकता दी जाये।
3. CAF Act, 2016/CAF Rules, 2018 में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत यदि सम्भव हो तो वन क्षेत्रों में कार्य कर रहे वाचर, आदि को उपयोगी औजार/संयन्त्र की किट उपलब्ध करायी जाये।
4. उ0प्र0 कैम्पा द्वारा कराये जा रहे अध्ययन कार्यक्रम की अन्तिम रिपोर्ट एवं संस्तुति से समिति को अवगत कराया जाये।
5. उ0प्र0 कैम्पा द्वारा कराये जा रहे वृक्षारोपणों, जिन हेतु 7 से 10 वर्ष अनुरक्षण दिया जा रहा है, के सफलता मानकों के निर्धारण हेतु समिति का गठन किया जाय तथा सम्बन्धित समिति की रिपोर्ट को उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।
6. प्रदेश में डालफिन (राष्ट्रीय जलीय जीव) के संरक्षण एवं प्रभावी रेस्क्यू कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु वन संरक्षक, लुप्त प्राय से प्रदेश स्तरीय डालफिन रेस्क्यू स्टोर की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्राप्त कर, वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रचालन योजना में सम्मिलित किया जाये।

बैठक धन्यवाद के साथ समाप्त हुई।

अनुमोदित
(हस्ताक्षर) 22/12
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ

(हस्ताक्षर) 22/12
**(संजय श्रीवास्तव)**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी/सदस्य सचिव
कार्यपालक समिति
(उ0प्र0 कैम्पा), लखनऊ

**पत्रांक– 746 /2–37–2 (कार्यपालक समिति–04) दिनांक दिसम्बरः 22 : 2020**

प्रतिलिपि– उपरोक्त बैठक का कार्यवृत्त निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पर्यावरण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नियोजन, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
4. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, ग्रामीण विकास, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, राजस्व, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
6. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, कृषि, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
7. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, जनजातीय विकास, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
8. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
9. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
10. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल के प्रमुख), उ0प्र0, लखनऊ।
11. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ।
12. मुख्य वन संरक्षक, इकोडेवलेपमेंट, उ0प्र0, लखनऊ।
13. मुख्य वन संरक्षक, वन वर्धनिक, दक्षिणी क्षेत्र कानपुर।
14. मुख्य वन संरक्षक, संयुक्त वन प्रबन्ध, उ0प्र0, लखनऊ।
15. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी (FCA), उ0प्र0, लखनऊ।

16. श्री आलोक अग्रवाल, वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0, लखनऊ।
17. पर्यावरण शिक्षण केन्द्र (C.E.E), उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, 83 बाल विहार कालोनी, पिकनिक स्पॉट रोड, फरीदी नगर, लखनऊ (गैर–सरकारी संगठन)।
18. टर्टल सर्वाइवल एलाएन्स (T.S.A) डी 1/317, सेक्टर एफ, जानकीपुरम, लखनऊ (गैर–सरकारी संगठन)।
19. श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, चित्रकुट (जिला स्तर पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधि)।
20. श्री जागन सिंह, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, पीलीभीत (जिला स्तर पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधि)।
21. श्री धनीराम, ग्राम भुसहर ऊँचवा, पोस्ट परसरामपुर, रजेहना, तुलसीपुर, बलरामपुर (आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधि)।

**(संजय श्रीवास्तव)**
मुख्य कार्यकारी अधिकारी/सदस्य सचिव
कार्यपालक समिति
(उ0प्र0 कैम्पा), लखनऊ

# प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल के प्रमुख), उ0प्र0, लखनऊ की अध्यक्षता में उ0प्र0 कैम्पा कार्यपालक समिति की चतुर्थ बैठक दिनॉक 21.12.2020 में उपस्थित अधिकारियों की सूची

| क्रसं | अधिकारी का नाम/पदनाम | मो0नं0 | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष उ0 प्र0 (लखनऊ) | | |
| 2. | प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव | | [signature] |
| 3. | विनय सिंह APCCF IT | 9457600371 | [signature] |
| 4. | अनुपम गुप्ता CCF/Nodal officer | 9456246594 | [signature] |
| 5. | Gnanendra Kumar Director. F S UP | 9415005407 | [signature] |
| 6. | Deepak kumar, CCF (JFM) | 9412287068 | [signature] |
| 7. | ARVIND KUMAR SINGH CCF(Silva Sal) Bry. | 9044844295 | [signature] |
| 8. | DR SHAILENDRA SINGH DIRECTOR, TSA INDIA | 9756000292 | [signature] |
| 9. | S. M. Dubey | 9415610498 | [signature] |
| 10. | Rohit Shukla, APO (RD) | 737929497 | [signature] |
| 11. | राकेश प्रताप सिंह | 9415255269 | [signature] |
| 12. | अरविन्द कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक, नियोजन विभाग | 9454468894 | [signature] |
| 13. | राजेन्द्र राम, अनु सचिव, वित्त विभाग। | 9454412938 | [signature] |
| 14. | Neeraj Kumar Pal, Project Coordinator Centre for Environment Education | 9450281900 | [signature] |
| 15. | धनीराम आदिवासी समुदाय प्रतिनिधि [illegible] | 8009924126 | [signature] |
| 16. | राम प्रीत राम अनुसचिव पंचायती राज विभाग। | 9454111440 | [signature] |
| 17. | डा0 डी0 के0 श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ0प्र0 | 9760051333 | [signature] |
| 18. | संजय श्रीवास्तव APCCF CAMPA/CEO. | 9454323308 | [signature] |
| 19. | | | |
| 20. | | | |

[signature]

संलग्नक - 2

# वर्ष 2021 वर्षाकाल गैर क्षतिपूरक वृक्षारोपण के अग्रिम मृदा कार्य हेतु प्रभागवार प्रस्तावित आवंटन

| क्र0सं0 | वृत्त / मण्डल | प्रभाग का नाम | भैतिक लक्ष्य (हे0 में) | धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 15 |
| 1 | वन संरक्षक, बस्ती वृत्त | बस्ती | 100.00 | 30.60 |
| 2 | | सन्त कबीरनगर | 80.00 | 24.48 |
| 3 | | सिद्धार्थनगर | 100.00 | 30.60 |
| | योग बस्ती वृत्त | | 280.00 | 85.68 |
| 4 | वन संरक्षक, आजमगढ वृत्त | आजमगढ़ | 100.00 | 30.60 |
| 5 | | मऊ | 100.00 | 30.60 |
| 6 | | बलिया | 80.00 | 24.48 |
| | योग आजमगढ़ वृत्त | | 280.00 | 85.68 |
| 7 | वन संरक्षक, मेरठ वृत्त | मेरठ | 17.00 | 10.07 |
| 8 | | बुलन्दशहर | 100.00 | 44.53 |
| | योग मेरठ वृत्त | | 117.00 | 54.60 |
| 9 | वन संरक्षक, सहारनपुर वृत्त | शिवालिक | 200.00 | 61.20 |
| 10 | | मुजफ्फरनगर | 100.00 | 30.60 |
| 11 | | शामली | 50.00 | 29.63 |
| | योग सहारनपुर वृत्त | | 350.00 | 121.43 |
| 12 | वन संरक्षक, वाराणसी वृत्त | वाराणसी | 50.00 | 15.30 |
| 13 | | जौनपुर | 100.00 | 30.60 |
| 14 | | गाजीपुर | 100.00 | 30.60 |
| | योग वाराणसी वृत्त | | 250.00 | 76.50 |
| 15 | वन संरक्षक, प्रयागराज वृत्त | प्रयागराज | 200.00 | 78.20 |
| 16 | | कौशाम्बी | 50.00 | 29.63 |
| 17 | | फतेहपुर | 50.00 | 27.04 |
| 18 | | प्रतापगढ़ | 50.00 | 15.30 |
| | योग प्रयागराज वृत्त | | 350.00 | 150.17 |
| 19 | वन संरक्षक, अयोध्या वृत्त | अयोध्या | 300.00 | 177.78 |
| 20 | | बाराबंकी | 200.00 | 118.52 |
| 21 | | सुल्तानपुर | 50.00 | 21.31 |
| 22 | | अम्बेडकर नगर | 100.00 | 30.60 |
| 23 | | अमेठी | 50.00 | 29.63 |
| | योग अयोध्या वृत्त | | 700.00 | 377.84 |
| 24 | वन संरक्षक, देवीपाटन वृत्त, गोण्डा वृत्त | गोण्डा | 300.00 | 91.80 |
| 25 | | बहराइच | 300.00 | 91.80 |
| 26 | | श्रावस्ती | 300.00 | 91.80 |
| | योग देवीपाटन वृत्त | | 900.00 | 275.40 |
| 27 | वन संरक्षक, बरेली वृत्त | बरेली | 100.00 | 30.60 |
| 28 | | सा0वा0 पीलीभीत | 5.00 | 1.53 |
| 29 | | बदायूँ | 100.00 | 58.48 |
| 30 | | शाहजहाँपुर | 100.00 | 30.60 |
| | योग बरेली वृत्त | | 305.00 | 121.21 |
| 31 | वन संरक्षक, मुरादाबाद वृत्त | मुरादाबाद | 50.00 | 15.30 |
| 32 | | सम्भल | 50.00 | 15.30 |
| 33 | | अमरोहा (जे0पी0 नगर) | 100.00 | 30.60 |
| 34 | | बिजनौर | 200.00 | 61.20 |
| 35 | | रामपुर | 50.00 | 15.30 |

| क्र0सं0 | वृत्त / मण्डल | प्रभाग का नाम | भैतिक लक्ष्य (हे0 में) | धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 15 |
| 36 | | नजीबाबाद | 200.00 | 61.20 |
| योग मुरादाबाद वृत्त | | | 650.00 | 198.90 |
| 37 | वन संरक्षक, झाँसी वृत्त | झाँसी | 300.00 | 113.10 |
| 38 | | ललितपुर | 100.00 | 39.10 |
| 39 | | उरई, (जालौन) | 200.00 | 75.40 |
| योग झांसी वृत्त | | | 600.00 | 227.60 |
| 40 | वन संरक्षक, चित्रकूट धाम वृत्त | चित्रकूट | 200.00 | 78.20 |
| 41 | | बांदा | 200.00 | 75.40 |
| 42 | | महोबा | 300.00 | 113.10 |
| 43 | | हमीरपुर | 200.00 | 75.40 |
| योग चित्रकूट धाम वृत्त | | | 900.00 | 342.10 |
| 44 | मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल | सीतापुर | 100.00 | 53.53 |
| 45 | | हरदोई | 100.00 | 59.26 |
| 46 | | रायबरेली | 100.00 | 59.26 |
| 47 | | उन्नाव | 100.00 | 59.26 |
| 48 | | द0 खीरी | 100.00 | 30.60 |
| 49 | | अवध (लखनऊ) | 100.00 | 59.26 |
| 50 | | उ0 खीरी | 300.00 | 91.80 |
| योग लखनऊ मण्डल | | | 900.00 | 412.97 |
| 51 | मुख्य वन संरक्षक, कानपुर मण्डल | कानपुर नगर | 200.00 | 61.20 |
| 52 | | कानपुर देहात | 200.00 | 75.40 |
| 53 | | फर्रूखाबाद | 300.00 | 153.00 |
| 54 | | कन्नौज | 120.45 | 71.38 |
| 55 | | इटावा | 200.00 | 75.40 |
| 56 | | औरैया | 100.00 | 37.70 |
| योग कानपुर मण्डल | | | 1120.45 | 474.08 |
| 57 | मुख्य वन संरक्षक, मिर्जापुर मण्डल | मिर्जापुर | 300.00 | 117.30 |
| 58 | | ओबरा | 200.00 | 78.20 |
| 59 | | रेनूकूट | 200.00 | 78.20 |
| 60 | | सोनभद्र | 200.00 | 78.20 |
| योग मिर्जापुर मण्डल | | | 900.00 | 351.90 |
| 61 | मुख्य वन संरक्षक, गोरखपुर मण्डल | गोरखपुर | 300.00 | 91.80 |
| योग गोरखपुर मण्डल | | | 300.00 | 91.80 |
| 62 | वन संरक्षक, आगरा वृत्त | आगरा | 100.00 | 37.70 |
| 63 | | फिरोजाबाद | 100.00 | 37.70 |
| 64 | | मथुरा | 40.00 | 16.26 |
| योग आगरा वृत्त | | | 240.00 | 91.66 |
| 65 | वन संरक्षक, अलीगढ़ वृत्त | हाथरस (महामायानगर) | 25.00 | 14.82 |
| 66 | | कासगंज (कांशीरामनगर) | 20.00 | 6.12 |
| योग अलीगढ़ वृत्त | | | 45.00 | 20.94 |
| 67 | मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव पश्चिमी कानपुर | काशी वन्य जीव प्रभाग | 300.00 | 117.30 |
| 68 | | कैमूर वन्य जीव प्रभाग | 300.00 | 117.30 |
| योग वन्यजीव पश्चिमी कानपुर | | | 600.00 | 234.60 |
| महायोग— | | | 9787.45 | 3795.06 |